## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 27.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में गुमला की मत्स्य क्रांति की सराहना की, भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को बताया प्रेरणादायक।**

- **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे रांची, पत्रकारों को चांडिल बाईपास की स्वीकृति की दी जानकारी।**

- **झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में आजसू पार्टी उठाएगी राज्य के अहम मुद्दे, पार्टी प्रमुख ने कहा – ट्रिपल टेस्ट, अवैध खनन और कानून व्यवस्था पर सरकार से जवाब तलब करेगी पार्टी।**

- **चतरा में दक्ष प्रजापति जयंती पर आयोजित सम्मान समारोह में समाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा, मिट्टी कला, युवाओं की दक्षता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण संदेश।**

- **मौसम विभाग ने कल राज्य के उत्तर–पूर्वी, दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में तेज़ हवा के साथ बारिश की जताई संभावना, किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की दी गई सलाह।**

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि 2047 के विकसित भारत का रास्ता आत्म–निर्भरता से होकर गुज़रता है और आत्मनिर्भर भारत की नींव तभी मज़बूत होगी जब हम वही खरीदें और बेचें जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि गुमला में मत्स्य क्रांति शुरू हुई और बासिया ब्लॉक के डेढ़ सौ से अधिक परिवार मछली–पालन से जुड़ चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि बहुत से लोग जो पहले नक्सल संगठन से जुड़े थे, अब दूसरों को रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने गुमला जिले के ओमप्रकाश साहू का जिक्र किया, जिन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़कर मछली पालन शुरू किया।

*****************

गिरिडीह जिले के बरमसिया बूथ नंबर 116 पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रोग्राम मन की बात को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम प्रेरणादायक होता है।

*****************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि चांडिल में बाईपास की मांग को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने स्वीकार किया है और वे उसी का अनावरण करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की 'मन की बात' में गुमला के बसिया क्षेत्र के युवक का जिक्र किए जाने पर उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि देश का हर कोना प्रधानमंत्री की नजर में है।

*****************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी राज्य के ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने सत्र के कम कार्यदिवस पर चिंता जताते हुए कहा कि पार्टी गिरती कानून व्यवस्था, नगर निकाय चुनाव और ट्रिपल टेस्ट जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने का काम करेगी। साथ ही अवैध खनन और खनिज संपदा के दोहन के मामले में भी सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

*****************

सावन की तीसरी सोमवारी से पहले आज खूंटी के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वरधाम में आज श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां हजारों कांवरियों ने जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर भोलेनाथ के भक्ति गीतों से गूंजता रहा और जनजातीय समुदाय के लोग भी उत्साहपूर्वक पूजा में शामिल हुए। प्रबंध समिति ने जलार्पण, जलनिकासी, स्वच्छ जल की आपूर्ति और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की थी।

*****************

चतरा में महाराज दक्ष प्रजापति जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद काली चरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान, विधायक उज्ज्वल दास और प्रजापति कुम्हार संघ के प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति ने भाग लिया। इस समारोह में समाज के अधिकारों, मिट्टी कला के महत्व और युवाओं के दक्षता विकास पर चर्चा की गई। मौके पर सांसद काली चरण सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देने की अपील की।

*****************

आकाशवाणी रांची ने आज अपना 69वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पूर्व उप निदेशक (इंजीनियरिंग) आनंद प्रकाश सिंह ने श्रोताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आकाशवाणी ने सूचना, शिक्षा, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

*****************

स्थानीय उत्पादन और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के मद्देनजर कोडरमा जिले में 31 जुलाई से 2 अगस्त तक आकांक्षा हाट का आयोजन किया जाएगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

कोडरमा जिले में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। पहली घटना तिलैया थाना क्षेत्र की है, जहां एक तेज़ रफ्तार ऑटो मवेशी को बचाने के प्रयास में पलट गई, जिससे एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना चंदवारा थाना क्षेत्र के जामूखांडी में हुई, जहां एक मिनी बस पलट गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर है।

इधर गुमला जिले के बसिया प्रखंड मुख्यालय में एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सभी को बसिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि की।

*****************

**कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- खूंटी जिले में ओलंपियन निक्की प्रधान के गांव हेसेल और पेलौल को जोड़ने वाला अधूरा पुल ग्रामीणों की परेशानी का कारण बन गया है। पेलौल नाले पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–थ्री के तहत बन रहा 22 दशमलव 4 मीटर लंबा पुल करीब 20 महीनों बाद भी अधूरा पड़ा है।

- सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस पर पश्चिम सिंहभूम के किरीबुरू में पर खेलो इंडिया योजना और फिट इंडिया मूवमेंट के तहत विशेष साइकिल रैली का आयोजन हुआ। सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में निकाली गई रैली में जवानों के साथ स्कूली छात्र, ग्रामीण और स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

*****************

मौसम विभाग के अनुसार कल राज्य के उत्तर–पूर्वी, दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी भागों में तेज़ हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। राज्य के अधिकांश भागों में गर्जन के साथ बारिश हो सकती है, जिससे किसानों और आम नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। आज सबसे अधिक बारिश तिलैया में 74 दशमलव 4 मिलीमीटर दर्ज की गई। अगले दो दिनों तक राज्य में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

*******समाप्त********